Title: Need for early start of work on Bar-Bilara rail line in Pali district in Rajasthan.

14.45 hrs.

श्री पुष्प जैन (पाली) : सभापति महोदय, राजस्थान प्रान्त में पाली जिला मेरा निर्वाचन क्षेत्र है। पाली जिले में जैतारण उपखण्ड ऐतिहासिक महत्व का स्थान है। इसी उपखण्ड की वीर प्रसूता भूमि पर गिरी का ऐतिहासिक युद्ध हुआ था, जिसमें शेरशाह सूरी ने कहा था कि एक मुट्ठी बाजरे के लिए मैं अपनी पूरी सल्तनत खो देता। इसी उपखण्ड में भक्त शिरोमणी मीराबाई का भी जन्म हुआ था। इसी क्षेत्र में रायड़ा, जीरा, मिर्च व गेहूं की रिकार्ड फसल होती है। खनिज की दृष्टि से भी यहां लाइम स्टोन के भरपूर भण्डार विद्यमान हैं। इसके साथ ही हजारों की संख्या में इस क्षेत्र के लोग प्रतिदिन दक्षिण व उत्तर भारत में आते-जाते हैं। पिछले ५० वर्षों से इस क्षेत्र की जनता की मांग है कि इसे रेल मार्ग से जोड़ा जाये। पूर्व में १९९७ में तत्कालीन रेल मंत्री ने बर-बिलाड़ा रेल लाइन की घोषणा भी की थी, परन्तु अभी तक वहां कोई कार्य नहीं हुआ है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि बर-बिलाड़ा रेल लाइन का कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ किया जाये।